# जादू भरी है बनवारी श्याम मुरली तुम्हारी भजन लिरिक्स

जादू भरी है बनवारी,
श्याम मुरली तुम्हारी,
श्याम मुरली तुम्हारी,
श्याम मुरली तुम्हारी,
जादू भरी हैं बनवारी,
श्याम मुरली तुम्हारी।**bd**।

---

लुटे चैन मेरी निंदिया उड़ाए,
जब जब तू इसे अधर लगाए,
जादू में रैना सारी,
ओ बांके बिहारी,
जादू भरी हैं बनवारी,
श्याम मुरली तुम्हारी।**bd**।

---

संग रहे तुम्हरे सदा सांवरिया,
बैरन भई कान्हा तुम्हरी मुरलिया,
बहुत ही तुमको प्यारी,
श्याम मुरली तुम्हारी,
जादू भरी हैं बनवारी,
श्याम मुरली तुम्हारी।**bd**।

---

जा रे ओ नटखट तोसे ना बोलूँ,
सुन के बांसुरिया कबहुँ ना डोलूँ,
जाओ हटो दूंगी गारी,
ओ बांके बिहारी,
जादू भरी हैं बनवारी,
श्याम मुरली तुम्हारी।**bd**।

---

जादू भरी है बनवारी,
श्याम मुरली तुम्हारी,
श्याम मुरली तुम्हारी,
श्याम मुरली तुम्हारी,
जादू भरी हैं बनवारी,
श्याम मुरली तुम्हारी।**bd**।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com